आकाशवाणी केन्द्र शिमला

15.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

भारतीय सेना

भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान समर्थन, प्रशंसा और आभार के लिए नागरिकों का धन्यवाद किया है। सेना ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि उसे नागरिकों की ओर से हृदय को छूने वाले प्रशंसा भरे पत्र मिले हैं। इन पत्रों में नागरिकों ने अपना गर्व, जीवंतता और देशभक्ति की भावना उडेल दी है। इससे सेना निरंतर प्रेरणा लेती है। सेना ने आश्वासन दिया है कि वह हमेशा राष्ट्र के लिए समर्पण के साथ सेवा के लिए तैयार है।

कृषि मंत्री

कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कहा है कि राज्य सरकार नशा उन्मूलन के लिए प्रतिबद्ध है। कांगड़ा ज़िले में इंदौरा के भदरोआ में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग को नशा माफिया के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए पूरी स्वतंत्रता दी गई है और सरकार हर स्तर पर पुलिस का समर्थन कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के स्पष्ट और सख्त निर्देश हैं कि नशे के कारोबार में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। कृषि मंत्री ने कहा कि नशे के खिलाफ जागरूकता के लिए सरकार विभिन्न स्तरों पर अभियान चला रही है और भविष्य में इस दिशा में और तेज़ी लाई जाएगी।

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज शिमला ज़िले में जुब्बल–कोटखाई क्षेत्र के कठासू में करोड़ों रूपए की परियोजनाओं के उद्घाटन किए। इनमें दो करोड़ 95 लाख की लागत से बनी खोड़नी नाला पेजलय योजना का लोकार्पण भी शामिल है। उन्होंने कहा कि इस योजना के शुरू होने से वर्षों से चली आ रही जल संकट की समस्या से निजात मिलेगी। रोहित ठाकुर ने कहा कि क्षेत्र में अधूरे पड़े विभिन्न विकास कार्यों को भी गति प्रदान की जा रही है।

अनिरूद्ध सिंह

ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने कहा है कि पंचायती राज संस्थाओं को अधिक सशक्त बनाने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। शिमला ज़िले में कसुम्पटी क्षेत्र के जनेड़घाट में आज एक मेले में उन्होंने कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के सतत विकास के लिए प्रतिबद्ध है। अनिरूद्ध सिंह ने कहा कि स्थानीय लोगों की समस्याओं का समाधान करना उनकी प्राथमिकता है।

समिति

प्रदेश विधानसभा की कल्याण समिति इन दिनों विभिन्न ज़िलों के दौरे पर है। समिति ने आज कुल्लू में बैठक कर समाज के कमज़ोर वर्गों के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। समिति के सभापति मोहन लाल ब्राक्टा ने कमज़ोर वर्गों के लिए कल्याणकारी योजनाएं प्रभावी ढंग

से लागू करने पर बल दिया। उन्होंने अधिकारियों को समिति द्वारा दिए गए अहम सुझावों को जल्द लागू करने को कहा है।

<u>अनावरण</u>

शिमला के रिज मैदान पर पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की प्रतिमा का अनावरण 15 जुलाई को किया जाएगा। लोक निर्माण मंत्री व वीरभद्र सिंह फाउंडेशन के अध्यक्ष विक्रमादित्य सिंह ने शिमला में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पहले ये कार्यक्रम 23 जून को निर्धारित किया गया था लेकिन शीर्ष नेतृत्व से चर्चा के बाद इसमें बदलाव किया गया है। उन्होंने कहा कि वीरभद्र सिंह फाउंडेशन गरीबों और वंचितों के लिए कार्य करेगी।

.....

उत्कर्ष अभियान

उत्कर्ष अभियान के तहत कांगड़ा ज़िले के नरवाणा खास में आज ज़िलास्तरीय गौरव दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में लोगों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इसके अलावा विभिन्न विभागों की विकासात्मक प्रदर्शनियां भी लगाई गईं। इस दौरान कांगड़ा की ए.डी.एम. शिल्पी वेक्टा ने कहा कि उत्कर्ष अभियान के तहत कांगड़ा ज़िले के 6 खण्डों की 16 पंचायतों के 19 जनजातीय गांवों को शामिल किया गया है। इन गांवों में सभी सरकारी योजनाओं के शत–प्रतिशत लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करने के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

<u>आनी दौरा</u>

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू 17 और 18 जून को कुल्लू ज़िले के आनी विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे क्षेत्र में करीब 63 करोड़ रूपए की सड़क व पेयजल योजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।

नमस्कार।